हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 12 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज विश्व भर में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस का थीम हमारी नर्सें हमारा भविष्य नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था की मजबूती रखा गया है जो नर्सों की स्वास्थ्य और बेहतरी पर केंद्रित है और समस्त स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में स्वस्थ नर्सिंग बल की महत्वपूर्ण भूमिका उजागर करता है।

****

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि नर्सों का कल्याण सीधे तौर पर देश की स्वास्थ्य प्रणाली की मज़बूती और राष्ट्रीय विकास से जुड़ी है। श्री नड्डा ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नर्सों का कल्याण बेहतर स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक है। उन्होंने नर्सों की करुणा, शक्ति और प्रतिबद्धता की सराहना की।

****

आज बुद्ध पूर्णिमा मनाई जा रही है। गौतम बुद्ध का जन्म और परिनिर्वाण आज ही के दिन हुआ था।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सत्य, समानता और सद्भाव के सिद्धांतों पर आधारित भगवान बुद्ध के संदेश मानवता के लिए मार्गदर्शक रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान बुद्ध का जीवन विश्व समुदाय को हमेशा करुणा और शांति के लिए प्रेरित करता रहेगा।

****

भारतीय जनता पार्टी ने आज कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिन्दूर के जरिये आतंकवाद के विरूद्ध लडाई में पूरे विश्व को एक निर्णायक संदेश दिया है। नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पाकिस्तान को अलग-थलग करने और आतंकवाद से मुकाबले में आम सहमति बनाने के लिए बीस देशों के नेताओं के साथ सीधे संपर्क में थे। उन्होंने कहा कि कई इस्लामिक देशों सहित इनमें से सभी देशों ने भारत के रवैये के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। श्री पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया।

श्री पात्रा ने कहा कि पहली बार भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया, जिसे पाकिस्तान का प्रमुख प्रान्त माना जाता है। भारत ने वहां आतंकियों और उनके शिविरों का सफाया किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। भारत ने वहां लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिद्दीन जैसे गुटों के आतंकी केन्द्रों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया है।

****

बलूच लिबरेशन आर्मी ने बलूचिस्तान में 51 से अधिक स्थानों पर 71 बड़े हमलों की जिम्मेदारी ली है। इस संगठन ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान न केवल वैश्विक आतंकियों के लिए एक उत्पत्ति स्थल रहा है बल्कि यह **लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और आई.एस.आई.एस.** जैसे खतरनाक आतंकी गुटों के राष्ट्र पोषित विकास का भी केंन्द्र है। बलूच लिबरेशन आर्मी का कहना है कि मौजूदा हिंसा इस क्षेत्र में काफी दिनों से चल रहे स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा है जो दशकों की अशांति और स्वायत्तता की मांग को दर्शाता है।

****

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण- **एनआईए** ने कुख्यात खालिस्तानी चरमपंथी कश्मीर सिंह गलवडी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। कश्मीर सिंह लुधियाना का रहने वाला है और वह 2016 में पंजाब के पटियाला स्थित नाभा जेल से फरार हो गया था। एनआईए ने बिहार पुलिस के साथ साझा अभियान के तहत कश्मीर सिंह को मोतिहारी से गिरफ्तार किया। वह नाभा जेल से फरारी के बाद से विदेश स्थित **बब्बर खालसा इंटरनेशनल** के आतंकी हरविंद सिंह संधू ऊर्फ रिंदा के लगातार संपर्क में था। वह रिंदा के नेपाली आतंकी नेटवर्क के साथ सक्रियता से जुड़ा था। कश्मीर सिंह पर खालिस्तान समर्थकों को पनाह देने और धन तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आरोप है। वह भारत में हमले कर नेपाल भागने वाले आतंकियों को सहायता देता रहा है। इसमें पंजाब पुलिस के सतर्कता मुख्यालय पर रॉकेट-चालित ग्रेनेड हमला करने वालों को पनाह देना शामिल है।

****

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कल नरवाना में खुला दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करके उन्हें कार्रवाई रिपोर्ट दें।कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नरवाना क्षेत्र के किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। विकास कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।